प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

19 सितंबर 2022

रिज़र्व बैंक वर्किंग पेपर सं. 12/2022: भारत में विनिमय दर का पूर्वानुमान करना: एक गैर-पैरामीट्रिक कैजुयलिटी-इन-क्वांटाइल्स दृष्टिकोण

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज अपनी वेबसाइट पर भारतीय रिज़र्व बैंक वर्किंग पेपर शृंखला* के अंतर्गत "भारत में विनिमय दर का पूर्वानुमान करना: एक गैर-पैरामीट्रिक कैजुयलिटी-इन-क्वांटाइल्स दृष्टिकोण" शीर्षक से एक वर्किंग पेपर रखा। पेपर का लेखन सीमा जायसवाल ने किया है।

यह पेपर गैर-पैरामीट्रिक कैजुयलिटी-इन-क्वांटाइल्स दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए, आईएनआर/ यूएसडी विनिमय दर, और कच्चे तेल और स्वर्ण की कीमतों, घरेलू और वैश्विक स्टॉक की कीमतों, अस्थिरता सूचकांक (वीआईएक्स) और विभिन्न विदेशी मुद्रा बाजार के नियमों के अंतर्गत निवल विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के बीच संबंधों की जांच करता है। यह जांच विनिमय दर के सशर्त वितरण की विभिन्न मात्राओं के लिए की गई है।

अनुभवजन्य विश्लेषण इंगित करता है कि अधिकांश चुने हुए परिवर्ती, सशर्त वितरण के दो चरम छोर को छोड़कर सभी मात्राओं के लिए आईएनआर की विनिमय दर के साथ कार्य-कारण प्रदर्शित करते हैं। कच्चे तेल की कीमत, घरेलू और वैश्विक स्टॉक सूचकांक प्रतिफल, निवल पोर्टफोलियो निवेश प्रतिलाभ, और वैश्विक अस्थिरता सूचकांक, निम्न और ऊपरी मात्रा को छोड़कर, विदेशी मुद्रा बाजार में सामान्य परिस्थितियों के दौरान विनिमय दर प्रतिफल में घट-बढ़ उत्पन्न करते हैं।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/892

*भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने रिज़र्व बैंक वर्किंग पेपर शृंखला की शुरुआत मार्च 2011 में की थी। ये पेपर भारतीय रिज़र्व बैंक के स्टाफ सदस्यों और कभी-कभी बाहरी सह-लेखकों, जब अनुसंधान संयुक्त रूप से किया जाता है, के अनुसंधान की प्रगति पर शोध प्रस्तुत करते हैं। इन्हें टिप्पणियों और आगे की चर्चा के लिए प्रसारित किया जाता है। इन पेपरों में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और जरूरी नहीं कि वे जिस संस्थान (संस्थाओं) से संबंधित हैं, उनके विचार हों। अभिमत और टिप्पणियां कृपया लेखकों को भेजी जाएं। इन पेपरों के उद्धरण और उपयोग में इनके अनंतिम स्वरूप का ध्यान रखा जाए।